Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 21 जनवरी, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-21-january-2020

विश्व आर्थिक मंच का 50वाँ सम्मेलन

विश्व आर्थिक मंच का 50वें सम्मेलन की 21 जनवरी, 2020 से स्विट्ज़रलैण्ड के दावोस में शुरुआत हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस वार्षिक आयोजन में विश्व के प्रमुख नेता और 100 से अधिक कंपनियों के CEO भाग लेंगे। इस वर्ष सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य पारिस्थितिकीय तंत्र, अर्थव्यवस्था, उद्योग, प्रौद्योगिकी, भू-राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में सार्वजनिक निजी भागीदारी और सहयोग को बढ़ाना है।

तीन राजधानियों का प्रस्ताव पारित

आंध्र प्रदेश विधानसभा ने राज्य की विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के लिये तीन राजधानियाँ बनाने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। विधेयक के अनुसार विशाखापत्तनम में कार्यपालिका की राजधानी होगी, अमरावती विधायी राजधानी होगी और कुर्नूल में न्यायिक राजधानी स्थापित की जाएगी। विधेयक में राज्य को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित करने की भी व्यवस्था है। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय योजना और विकास बोर्ड की स्थापना करना है।

गणतंत्र दिवस परेड 2020 में स्टार्टअप इंडिया की झाँकी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग इस वर्ष नई दिल्ली के राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड में स्टार्टअप इंडिया पर एक झाँकी प्रदर्शित करेगा। **स्टार्टअप्स: आसमान तक पहुँच** विषय पर बनी झाँकी में स्टार्टअप के जीवन चक्र के विभिन्न चरणों और इस दौरान सरकार द्वारा उसे मिली सभी तरह की सुविधाओं को दर्शाया जाएगा। इस झाँकी में यह दिखाया जाएगा कि स्टार्टअप का आइडिया किस प्रकार अस्तित्व में आया और किस तरह सकारात्मक रूप से उभरे नवाचारों ने भारत के लोगों के जीवन को प्रभावित किया।

जोगबनी-विराटनगर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने 21 जनवरी, 2020 को **जोगबनी-विराटनगर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट** का उद्घाटन किया है। इस चेक पोस्ट के कारण भारत से नेपाल और नेपाल से भारत आने में लोगों को आसानी होगी और साथ ही दोनों देशों के मध्य व्यापार एवं रोज़गार का भी इज़ाफा होगा।

IMF ने घटाई भारत की आर्थिक वृद्धि दर

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने चालू वितीय वर्ष (2019-20) में भारत की GDP वृद्धि दर का अनुमान 1.3 प्रतिशत घटाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। IMF वह 9वीं एजेंसी है जिसने GDP ग्रोथ का अनुमान कम किया है। SBI के 4.6% के अनुमान के बाद IMF का अनुमान सबसे कम है। IMF के अनुसार, GDP वृद्धि दर का अनुमान कम होने का सबसे मुख्य कारण गैर बैंकिंग वित्तीय क्षेत्रक का आर्थिक संकट और ग्रामीण आय में सुस्ती है।